संख्या-399/2021/2232/41-2021-95(सा0)/2021

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग — लखनऊ, दिनांक, 19 अगस्त 2021

विषय- **जनपद मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मंदिर की गलियों के फसाड ट्रीटमेंट के निर्माण विन्ध्यवासिनी मंदिर को जाने वाले मार्गों को जोडने वाले पहुंच मार्गों के सुदृढीकरण एवं निर्माण तथा विन्ध्यवासिनी मंदिर पर परकोटा एवं परिक्रमा पथ के निर्माण कार्य की परियोजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित उच्च विशिष्टियों के कार्य कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

जनपद मीरजापुर स्थित आदि शक्ति मॉ विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर करोड़ों देशवासियों के लिए श्रद्धा एवं आस्था का केन्द्र है, जहॉ प्रतिवर्ष भारत के कोने-कोने से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं एवं विशेष रूप से नवरात्रि के अवसरों पर यह संख्या और अधिक हो जाती है। विन्ध्यांचल स्थित मुख्य मंदिर में माँ विन्ध्यवासिनी धाम के चारों तरफ परम्परागत तौर पर श्रद्धालुओं के द्वारा परिक्रमा की जाती है, परन्तु मंदिर परिसर में परिक्रमा मार्ग सीमित एवं सँकरा होने के कारण दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। अतः काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर की भांति जनपद मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मंदिर की गलियों के फसॉड ट्रीटमेंट के निर्माण, विन्ध्यवासिनी मंदिर को जाने वाले मार्गों को जोड़ने वाले पहुँच मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण तथा विन्ध्यवासिनी मंदिर पर परकोटा एवं परिक्रमा पथ का निर्माण कराये जाने हेतु प्रायोजना हेतु नामित कार्यदायी संस्था- उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा गठित किये गये जनपद मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मंदिर को जाने वाले मार्गो को जोड़ने वाले पहुँच मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण/विकसित किये जाने हेतु आगणन रू0 4465.36 लाख , विन्ध्यवासिनी मंदिर पर परकोटा एवं परिक्रमा पथ निर्माण/ विकसित किये जाने हेतु आगणन रू0 4998.33 लाख एवं विन्ध्यवासिनी मंदिर की गलियों के फसॉड ट्रीटमेंट के निर्माण/विकसित किये जाने हेतु आगणन रू0 4447.54 लाख का परीक्षण /मूल्यांकन प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 23-7-21 के क्रम में करते हुये उक्त 03 परियोजनाओं के संबंध में लागत का आंकलन करते हुये प्रत्येक परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों हेतु निम्नांकित विवरणानुसार मा0 मंत्रि-परिषद का अनुमोदन प्राप्त करने की अपेक्षा की गई :-

क्रमांक	परियोजना का नाम	प्रस्तावित लागत	आंकलित /संस्तुत लागत	प्रायोजनान्तर्गत उच्च विशिष्टियों के संबंध में अभिमत
1	2	3	4	5
01	**जनपद मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मंदिर को जाने वाले मार्गो को जोड़ने वाले पहुँच मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण/विकसित किये जाने से संबंधित परियोजना**	रू0-4465.36 लाख	रू0-4038.10 लाख	प्रायोजना में प्रस्तावित विशिष्टियां उच्च है तथा निर्माण कार्य आरनामेण्टल प्रकार की है, जिसमें मकराना मार्बल, मीरजापुर फलैग स्टोन(ऐश्लर एवं पिलर) आदि का प्रयोग करते हुये निर्माण प्रस्तावित किया गया है जो कि लोक निर्माण विभाग की निर्धारित विशिष्टियों से उच्च है। अतः तदनुसार उच्च विशिष्टियों के कार्य हेतु मा0 मंत्रि-परिषद अनुमोदन प्राप्त किया जाये।
02	**विन्ध्यवासिनी मंदिर पर परकोटा एवं परिक्रमा पथ निर्माण/ विकसित किये जाने की परियोजना**	रू0-4998.33 लाख	रू0-4575.97 लाख	प्रायोजना में प्रस्तावित विशिष्टियां उच्च है तथा निर्माण कार्य आरनामेण्टल प्रकार की है, जिसमें सफेद सैण्ड स्टोन, ग्रेनाइट क्लैडिंग, 40 एम0एम0 थिक स्टोन जाली, मीरजापुर सैण्ड स्टोन (कारविंग, विनियर, ऐश्लर एवं पिलर) आदि का प्रयोग करते हुये निर्माण प्रस्तावित किया गया है,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

				जो कि लोक निर्माण विभाग की निर्धारित विशिष्टियों से उच्च है। अतः तदनुसार उच्च विशिष्टियों के कार्य हेतु मा0 मंत्रि-परिषद अनुमोदन प्राप्त किया जाये।
03	**विन्ध्यवासिनी मंदिर की गलियों के फसॉड ट्रीटमेंट के निर्माण की परियोजना**	रू0-4447.54 लाख	रू0-4187.92 लाख	योजना में प्रस्तावित विशिष्टियां उच्च है तथा निर्माण कार्य आरनामेण्टल प्रकार की है, जिसमें प्री-कास्ट जी0आर0 सी0 क्लैडिंग, आदि का प्रयोग करते हुये निर्माण प्रस्तावित किया गया हैए जो कि लोक निर्माण विभाग की निर्धारित विशिष्टियों से उच्च है। अतः तदनुसार उच्च विशिष्टियों के कार्य हेतु मा0 मंत्रि-परिषद अनुमोदन प्राप्त किया जाये।

2- अतः उक्त संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि -

(क) संदर्भगत परियोजना हेतु व्यय वित्त समिति की संस्तुति के क्रम में उपरोक्त तालिका के क्रमांक-1 से 3 के कॉलम -5 में अंकित उच्च विशिष्टियों के कार्यों को समावेशित कराये जाने हेतु दिनांक 16-08-2021 को मा0 मंत्रि-परिषद का अनुमोदन प्राप्त किया गया है।

(ख)- परियोजना की अग्रेत्तर कार्यवाही में निर्णय लिये जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया गया है।

3- कृपया तदनुसार प्रायोजना के क्रियान्वयन हेतु अग्रतर कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) , पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, न्याय विभाग /लो0नि0वि0 उ0प्र0 शासन।
4- जिलाधिकारी, मीरजापुर ।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
7- प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग, नियोजन विभाग, उ0प्र0शासन।
8- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
9- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
10- वित्त सलाहकार, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
11- परियोजना प्रबंधक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, सोनभद्र इकाई।
12- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, उ0प्र0 शासन।
13- संयुक्त निदेशक पर्यटन, विन्ध्याचल मण्डल।
14- वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग।
15- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in